सम्मान्नीय महोदय / महोदया,

सादर जय जिनेन्द्र !

➢ भगवान चंद्रप्रभु से आपके परिवार की कुशलता की कामना करते हुये विगत चार माह की प्रगति हम इस पत्र के माध्यम से आपको प्रेषित कर रहे हैं।

➢ **शिविर** – दिनांक 13.01.2014 को सकल दिगम्बर जैन समाज ईशुरवारा के सौजन्य से ईशुरवारा विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें डॉ.नितिन जैन,डॉ. रूपाली जैन, डॉ. आर.जैन, डॉ. रूबी जैन ने पैरामेडीकल स्टाफ सहित सेवायें प्रदान कीं। इस शिविर से 150 मरीज लाभान्वित हुये।

➢ **चलित चिकित्सा इकाई** – इस सेवा अंतर्गत दिनांक 01.05.2014 को बढौदा (रहली), 12.05.2014 को मदर टेरेसा चेरिटी मिशन सागर, 14.05.2014 को कनेरा देव, 17.05. 2014 को आनंद आश्रम (वृद्धाश्रम) सागर, 06.06.2014 को दलपतपुर एवं बराखेरा, 25. 06.2014 को मेनपानी, 26.06.2014 को दीनदयाल नगर मकरोनिया, 28.06.2014 को बडकुआं, 29.06.2014 को मीरखेडी, 01.07.2014 को मझगुंवा अहार, 02.07.2014 को कनेरादेव, 17.07.2014 को पामाखेडी, 18.07.2014 को शिशुमंदिर धर्मश्री, 15.07.2014 को सेवाधाम श्यामपुरा, प्राथमिक शाला रामघाट, 23.07.2014 एवं 24.07.2014 को संतकबीरदास वार्ड सागर, 25.07.2014 को पथरिया हाट, 28.07.2014 को सी.एल. जैन मेमोरियल स्कूल सुभाषनगर सागर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों से 1399 बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग लाभन्वित हुये।

➢ **रक्तदान शिविर** – दिनांक 13.04.2014 को सकल दिगम्बर जैन समाज ईशुरवारा द्वारा ग्राम ईशुरवारा में दिनांक 16.07.2014 को अधिवक्ता संघ के तत्वाधान में न्यायालय परिसर सागर में तथा दिनांक 20.07.2014 को वैश्य सम्मेलन झूलेलाल धर्मशाला सागर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों से कुल 11 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ।

➢ **महावीर जयंती** – दिनांक 28.04.2014 को भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती के पावन त्यौहार पर चिकित्सालय के सभी विभागों में निःशुल्क ओपीडी संचालित रही साथ ही चिकित्सीय जांचों पर 25% अतिरिक्त चेरिटी की गयी।

➢ **हृदय रोग जांच शिविर एवं व्याख्यान** – दिनांक 11.05.2014 को हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्लंटीना हॉस्पिटल नागपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद मुंदडा ने अपनी सेवायें दी। इस शिविर में लगभग 200 से भी अधिक रोगियों ने परामर्श प्राप्त किया। इसी दिवस की शाम, क्षेत्र विधायक शैलेन्द्र जी जैन के मुख्य आतिथ्य में ''हृदय रोग से बचाव'' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रमोद मुदडा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

➢ **परिकल्पना पर्व**– पूर्व ज्ञात है कि भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट निर्माण की परिकल्पना 13 जुलाई 1993 को की गयी थी। इस दिवस को भाग्योदय तीर्थ में दिनांक 11, 12 एवं 13 जुलाई 2014 को **''परिकल्पना पर्व''** के रूप में मनाया गया। तीनों दिवस सभी विभागों में निःशुल्क ओपीडी का संचालन किया गया एवं जांचों पर 25% अतिरिक्त चेरिटी की गयी। इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुये पैरामेडीकल एवं नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस पर्व को विशालता प्रदान करने हेतु क्षेत्र विधायक शैलेन्द्र जैन भी पधारे एवं ट्रस्टियों एवं ट्रस्ट स्टाफ सहित विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी आतिथ्य सहभागिता निभायी।

➢ **नेत्ररोग विभाग** – ट्रस्ट द्वारा संचालित नेत्र रोग विभाग में अब दो नये एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश जैन एवं डॉ. मनोज त्यागी की सेवाएं प्रारंभ हुई है।

➢ **प्राकृतिक चिकित्सालयः**– इस विभाग में भी नवीन विशेषज्ञ के रूप में पधारे डॉ. गौरव जैन ने अपनी सेवायें प्रदान करना शुरू कर दी हैं।

➢ **फॉर्मेसी कॉलेज** – हर्ष का विषय है कि आपके इस कॉलेज के विद्यार्थियों ने B.Pharm प्रथम सेमेस्टर में उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम देकर संपूर्ण सागर संभाग में संस्था का परचम फहराया है, इस परीक्षा परिणाम अंतर्गत कु. प्रियंका जैन एवं कु. राशि जैन ने 84.8% अंक अर्जित कर स्वयं एवं संस्था का नाम रोशन किया है। यहाँ के फैकल्टी मेम्बर्स लगातार शोध कार्यों में लगे रहते हैं, शोध अन्तर्गत यहाँ के असि. प्रोफेसर सौरभ जैन ने दो शोध पत्र लिखे हैं, जिनका प्रकाशन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जनरल में किया गया है। श्री सौरभ जैन द्वारा लिखित अध्याय फॉर्मेसी की अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक में विगत माह प्रकाशित हुआ है।

❖ विश्वस्तरीय फॉर्मेसी लेखन में यहाँ के प्राचार्य डॉ. अंकुर वैद्य का लेख विश्व के सर्वश्रेष्ठ 20 लेखों में आठवें स्थान पर प्रकाशित हुआ है। साथ ही इसी माह डॉ. वैद्य के अन्य दो लेखों का प्रकाशन भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है।

❖ कम्प्यूटर टीचर श्री पुष्पेन्द्र मिश्रा ने इसी माह पुस्तकालय साफ्टवेयर तैयार किया है, जिससे संस्था द्वारा संचालित पुस्तकाल अत्याधुनिक एवं सुविधाजनक हो गया है।

➢ **नर्सिंग कॉलेज** – शोध कार्य में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी पीछे नहीं हैं, यहाँ के प्राचार्य श्री राजकृष्णन पिल्लई के निर्देशन में B.Sc. Nursing 4th Year के विद्यार्थियों ने भी 4 समूहों में शोध कार्य किये हैं, जिसकी रिपोर्ट डॉ. सर हरिसिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. सागर को संग्रहण हेतु भेजी गयी है।

❖ नर्सिंग शिक्षा के महत्व एवं नर्सिंग क्षेत्र में कॅरिअर निर्माण हेतु इस महाविद्यालय द्वारा विशेष अभियान चलाकर जिले के 10 हॅायर सेकेण्डरी विद्यालयों में सघन संपर्क किया गया एवं फैकल्टी सदस्य श्री एल्विन, कु.बॉबी एवं श्री महेन्द्र विश्वकर्मा के निर्देशन में विद्यालयों द्वारा क्रियात्मक व्याख्यान भी दिये गये है।

❖ फैकल्टी सदस्य बॉबी के निर्देशन में अप्रैल 2014 के पूरे माह में एड्स रोग से बचाव हेतु खुरई रोड पर गल्लामंडी में 100 से भी अधिक ट्रक ड्राइवरों से यहाँ के विद्यार्थियों ने संपर्क किया एवं एड्स के कारण एवं बचाव की समझाइश दी है।

❖ स्कूल हेल्थ चेकअप प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत फैकल्टी सदस्य कु. बॉबी एवं श्री महेन्द्र विश्वकर्मा के निर्देशन में दिनांक 07.07.2014, 11.07.2014 को शासकीय विद्यालय जरारा तथा 08.07.2014 को अमरीन स्कूल सागर में विद्यालयीन विद्यार्थियों का तथा ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है तथा उन्हें उत्तम स्वास्थ्य बनाये रखने की भी समझाइश दी।

❖ दिनांक 08.07.2014 को रक्तदान जागरूकता हेतु कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी माह कॉलेज में मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मॉडलों का प्रस्तुतीकरण नर्सिंग विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न समूहों में किया।

❖ दिनांक 8, 9 एवं 10 जुलाई 2014 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही 10 जुलाई को मॉडल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरित किये।

❖ आपको बताना चाहते हैं कि संस्था द्वारा संचालित B. Pharm, B.Sc. Nursing एवं GNM पाठ्यक्रमों की पूर्ण सीट्स भरी जा चुकी है। M. Pharm एवं DMLT में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है।

❖ दिनांक 30.07.2014 को B.Sc. Nursing एवं GNM में नये प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य श्री राजकृष्णन ने फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों का परस्पर परिचय कराकर कॉलेज के नियमों का पालन करने हेतु अपनी बात कही एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

➢ **माह अप्रैल, मई, जून एवं जुलाई 2014 में आपके संस्थान द्वारा K.3675523.00 की चेरिटी मरीजों के लिए की गयी।**

➢ हमें आपके मूल्यवान सुझावों का इंतजार है। आप अपने सुझाव 9827250752 पर SMS करके या पत्र लिखकर भी भेज सकते हैं।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी